State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

पत्र क्रं/30–1/02/शिक्षक शिक्षा/2016–17 4356 रायपुर दिनांक 14.09.2016

बी.एड./डी.एड.पाठ्यक्रम में प्रवेश के हेतु अंतिम चरण एवं प्रतीक्षा सूची के ऑनलाइन आबंटन कार्यक्रम 2016 की सूचना

राज्य के शासकीय व निजी शिक्षा महाविद्यालयों/संस्थाओं में संचालित डी.एड. /बी.एड. पाठ्यकम 2016–17 के तीन चरण की आबंटन प्रक्रिया के पश्चात् रिक्त सीटों के लिए अंतिम चरण एवं प्रतीक्षा सूची का आनलाइन आबंटन कार्यक्रम निम्नानुसार है –

क्र.	विवरण	तिथि
1	अंतिम चरण के लिए विकल्प फार्म ऑनलाइन जमा करने की तिथि	17.09.2016 से 20.09.2016 तक
2	दावा आपत्ति के लिए आबंटन सूची जारी करना एवं दावा आपत्ति	21.09.2016 से 22.09.2016 तक
3	आबंटन सूची जारी करना	22.09.2016 को शाम 5 बजे
4	महाविद्यालयों में प्रवेश की तिथि जारी करना	23.09.2016 से 26.09.2016 तक
5	प्रतीक्षा सूची जारी करना	27.09.2016
6	प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को महाविद्यालयो में आवेदन करने की तिथि	28.09.2016 तक
7	प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों के लिए आबंटन पत्र जारी करने की तिथि तथा प्रवेश की तिथि	29.09.2016 से 30.09.2016 तक

इस चरण के लिए दिशा–निर्देश निम्नानुसार है –

1. प्री.बी.एड./डी.एड. परीक्षा 2016 में सम्मिलित ऐसे पात्र अभ्यर्थी जिन्होंने किसी भी महाविद्यालय/संस्था में प्रवेश नहीं लिया है, वे इस चरण में सम्मिलित हो सकते है।
2. इस चरण में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी को जहां इंटनेट की सुविधा हो, वहां जाकर MKCL के वेबसाइट बी.एड. के लिए http://oasis.mkcl.org/cgbed2016 और डी.एड. के लिए http://oasis.mkcl.org/cgded2016 में जाकर "New Registration for Phase IV" का विकल्प चुनकर पंजीयन कराना आवश्यक होगा। नये अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रक्रिया शुल्क आनलाइन जमा करना होगा परन्तु पूर्व में आबंटन प्रक्रिया में सम्मिलित अभ्यर्थी निःशुल्क इस प्रक्रिया में शामिल हो सकते है।

3. पंजीयन के लिए अभ्यर्थी को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल फोन पर password जारी किया जायेगा। इसकी सहायता से अभ्यर्थी अपना लॉगइन आई.डी. बनाकर विकल्प फार्म भर सकेंगे।
4. एक अभ्यर्थी को 10 संस्था चुनने का ही विकल्प फार्म दिया जायेगा। अभ्यर्थी को अपना विकल्प फार्म को लॉक करने के बाद विकल्प बदलने की अनुमति नहीं होगी। विकल्प फार्म को लॉक करने के बाद ही आबंटन प्रक्रिया के लिए मान्य किया जायेगा।
5. इस चरण में दस्तावेज परीक्षण आबंटित महाविद्यालय में ही किया जायेगा।
6. विकल्प चयन की एवं पासवर्ड की गोपनीयता बनाए रखने की जिम्मेदारी अभ्यर्थियों की होगी।
7. अभ्यर्थी सीट्स आबंटन की जानकारी MKCL के वेबसाइट में जाकर प्राप्त कर सकते है।

शेष नियम व प्रक्रिया पूर्व रहेगें।

(संजय कुमार ओझा)
संचालक